महाभारत के कृष्ण नीतिश भारद्वाज वैवाहिक द्वन्द्व में, बेटियों की सुरक्षा के लिए पुलिस की शरण में

प्रसिद्ध सीरियल महाभारत में कृष्ण की भूमिका निभाने वाले नीतिश भारद्वाज को अप्रतिम ख्याति मिलने के कारण वे पूरे देश में आकर्षण का केन्द्र है। नीतिश भारद्वाज मध्यप्रदेश में राजनीतिक रूप से सक्रिय रहे है और उन्होनें पर्यटन निगम में अध्यक्ष के पद पर महति प्रतिभा परिचय दिया है। आज नीतिश भारद्वाज अपने उक्त सकारात्मक योगदान की वजह से नहीं बल्कि उनके वैवाहिक जीवन में मची उथल–पुथल के कारण चर्चा में है।

नीतिश भारद्वाज का विवाह मध्यप्रदेश कैडर की आई.ए.एस. आफिसर श्रीमती स्मिता भारद्वाज के साथ हुआ है और जिसके फलस्वरूप उन्हें जुड़वा बेटियां दिव्यानी और शिवरंजनी है जो मात्र साढ़े ग्यारह वर्ष की है। नीतिश भारद्वाज की पत्नि के अप्रिय व्यवहार एवं आचरण के कारण उनके समस्त प्रयासों के बावजूद वैवाहिक जीवन टूटने की कगार पर है और उनकी ओर से योग्य कानूनी कार्यवाही मुम्बई की अदालत में लम्बित है। श्रीमती स्मिता भारद्वाज जो वर्तमान में भोपाल में राज्य मानव अधिकार आयोग भोपाल में पदस्थ है, ने अपने क्रूरतापूर्ण व्यवहार के कारण नीतिश भारद्वाज को मानसिक एवं शारीरिक रूप से त्रस्त किया हुआ है और विगत कुछ वर्षो से उन्होनें नीतिश भारद्वाज को अपनी पुत्रियों से मिलने से और उनके साथ समय बिताने पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी है और नीतिश भारद्वाज अपनी बेटियों से न मिल सके इसलिए बार–बार बेटियों के स्कूल परिवर्तित कर उनके अकादमिक भविष्य एवं उनके जीवन को भी पूरी तरह असंतुलित एवं विपरीत रूप से त्रस्त कर दिया है।

पत्नि की लगातार क्रूरता एवं अमानवीय व्यवहार के चलते नीतिश भारद्वाज को अपनी बेटियों की सुरक्षा एवं उचित लालन पालन को सुनिश्चित करने के लिए पुलिस कमिश्नर भोपाल के सम्मुख आवेदन प्रस्तुत कर गुहार करनी पड़ी है। पुलिस आयुक्त द्वारा विषय की गंभीरता को देखते हुए योग्य कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है।

अब यह देखना है कि नीतिश भारद्वाज की पत्नि के रसूखदार पद पर रहते हुए क्या पुलिस उनके अमानवीय एवं क्रूरता पूर्ण व्यवहार के विरूद्ध क्या कार्यवाही करके नीतिश भारद्वाज को न्याय दिलवा पायेगी।

नीतिश भारद्वाज
मोबा. 9869003457